9-6-09

नगर परिषद जौनपुर की तृतीय बैठक दिनांक 9.6.09 दिन शुक्रवार को सायंकाल 6.00 बजे श्री सीताराम यादव, अध्यक्ष की अध्यक्षता में टाउनहाल पर सम्पन्न हुई, जिसमें 26 (छब्बिस) सदस्य उपस्थित रहे, जिनके नाम व कार्यवाही निम्न प्रकार है,

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री सीताराम यादव | अध्यक्ष |
| 2 | " नजीर | सदस्य |
| 3 | " वीरेन्द्र प्रताप यादव | " |
| 4 | " कमलाप्रसाद सिंह | सांसद |
| 5 | " बाबूराम | नामित सदस्य |
| 6 | " ज़ियारत हुसेन | सदस्य |
| 7 | " अनस रजा | " |
| 8 | " मिठाई लाल | " |
| 9 | " रमजान खां | " |
| 10 | " डा० सुनील श्रीवास्तव | " |
| 11 | " शोभनाथ आर्य | " |
| 12 | " दुर्वलाल | " |
| 13 | " अ० कृष्ण कुमार | " |
| 14. | " दयाशंकर | " |
| 15 | " कैलाशनाथ मौर्य | " |
| 16 | श्रीमती नसरीन अब्बास | नामित सदस्य |
| 17. | श्री मुख्तार अहमद | सदस्य |
| 18 | " सै० मेंहदी हसन | " |
| 19 | " नरेन्द्र बहादुर सिंह | " |
| 20 | " रविन्द्र प्रताप सिंह | " |
| 21 | " बाबूलाल गुप्त | " |
| 22 | " शिवकुमार गुप्त | " |
| 23 | " गणेशनाथ रावत | " |
| 24 | " मो० सलीम | " |
| 25 | " श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह | " |
| 26 | " रामअवधार यादव | " |
| 27 | " विद्यासागर सोनकर | " |

Scanned with OKEN Scanner

विशेष प्रस्ताव 9-6-89 7

| प्रस्ताव : | निर्णय |
| --- | --- |
| 1. उपाध्यक्ष (ज्येष्ठ / कनिष्ठ) चुनाव हेतु विशेष प्रस्ताव. | ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु श्री सुनील श्रीवास्तव, सभासद ने श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, सभासद के नाम का प्रस्ताव रक्खा, जिसका श्री रवीन्द्र नाथ सिंह, सभासद ने समर्थन किया, जो सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| | 2. कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु श्री मो० सलीम, सभासद ने श्री रमजान खां, सभासद का नाम प्रस्तावित किया, जिसका समर्थन श्री शोभनाथ आर्य, सभासद ने किया और यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। |
| 2. विभिन्न कमेटियों के नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि का निर्धारण. | प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान निम्न निर्णय लिये गये.<br>1. कमेटियों के नामांकन हेतु तिथि 16-6-89.<br>2. नाम वापस लेने की तिथि - 19-6-89.<br>3. यदि आवश्यक हुआ तो चुनाव की तिथि - 22-6-89. |
| 3. पत्रावलि बावत रोड रोलर की मरम्मत हेतु व्यय भार ₹ 25,303-00 वर्ष 1989-90 के आय-व्ययक में समायोजित करने हेतु विशेष प्रस्ताव परिषद के स्वीकृतार्थ. | स्वीकृत। |

(हस्ताक्षर)
जल कल-अभियन्ता व प्रभारी · अधिशासी अधिकारी, सि टी - बोर्ड · जौनपुर

(हस्ताक्षर)
अध्यक्ष
सिटी-बोर्ड - जौनपुर
9-6-89.

Scanned with OKEN Scanner

9-6-89

# सामान्य प्रस्ताव

| प्रस्ताव | निर्णय :- |
| --- | --- |
| 1. पिछली बैठक दिनांक 30-3-89 की कार्यवाही की पुष्टि। | पुष्टि की गयी। |
| 2. पत्रादि बावत इन्दिरा मार्केट में ब्लाक 'A' पुलिस चौकी के सामने के प्रथम तल के निर्माण हेतु कुल सात टेन्डरों में से न्यूनतम टेन्डर मेसर्स लालजी यादव एण्ड कम्पनी का अनुमानित दर से 10.51 प्रतिशत कम का धनांक रु 2,84,578.20 पैसे परिषद के स्वीकृतार्थ। | स्वीकृत। |
| 3. पत्रादि बावत इन्दिरा मार्केट में ब्लाक 'बी' (ब्लाक 'A' के बगल में) के प्रथम तल के निर्माण हेतु कुल चार अदद टेन्डरों में न्यूनतम टेन्डर श्री हुसैन अब्बास का अनुमानित दर से 0.02 प्रतिशत कम धनांक रु 3,17,936.40 पैसे परिषद के स्वीकृतार्थ। | स्वीकृत। |
| 4. पत्रादि बावत इन्दिरा मार्केट के ब्लाक "सी" (पेट्रोल पम्प के बगल में) के प्रथम तल के निर्माण हेतु प्राप्त 10 टेन्डरों में न्यूनतम टेन्डर श्री राम वहाल का अनुमानित दर से 11% कम धनांक रु 2,83,020/- परिषद के स्वीकृतार्थ। | स्वीकृत। |

| प्रस्ताव | निर्णय |
|---|---|
| प्रस्ताव सर्व श्री शिवकुमार गुप्त, गणेश सिंह रावत, डा० सुनील श्रीवास्तव, माननीय सदस्यों द्वारा म्युनिसिपल बोर्ड का नजूल बोर्ड के अभिलेखों को हिन्दी में अनुवाद करने के पूर्व निम्न बिन्दुओं पर विचार करते हुये आवश्यक कार्यवाही करने हेतु (1) अनुवाद करने की एजेन्सी क्या होगी (2) शासकीय या पालिका द्वारा | पालिका द्वारा अभिलेखों का हिन्दी अनुवाद बाहरी एजेन्सी द्वारा कराया जाना स्वीकार किया गया। |
| (2) अनुवाद किये गये अभिलेखों की मान्यता कितनी होगी? उसके बाद उर्दू अभिलेखों को सील बन्द किया जायेगा या अनुवाद किये गये अभिलेख समानान्तर अभिलेख बने रहेंगे? उपरोक्त प्रकरण सदन के सभी सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णय हेतु। | उर्दू व हिन्दी के अभिलेख समानान्तर बने रहेंगे। |
| प्रस्ताव डा० कृपणकुमार श्रीवास्तव, सभासद सिटी बोर्ड दिनांक 25-2-89 वास्ते निम्न कार्य परिषद के समक्ष स्वीकृति हेतु प्रस्तुत | |
| (1) खासतपुर मुहल्ले के बड़े नाले की सफाई पावस ऋतु के पूर्व कराने हेतु | चर्चा के दौरान यह स्थिति स्पष्ट हुयी कि नाले की सफाई कराई जा चुकी है। |
| (2) मोहल्ला खासतपुर स्थित भारती विद्या मंदिर के पास स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था करने हेतु। | चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था शासन से धन प्राप्त होने |

क्र० पृ० 30

Scanned with OKEN Scanner

9-6-89.

पर किया जायेगा। अध्यक्ष महो० ने सभी सभासदों को भी अवगत कराया कि शासन से इस कार्य मद हेतु 4.00 चार लाख रूपये के अनुदान की मॉंग की गयी है, जो शासन से आवंटित होने पर विभिन्न स्थलों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जायेगी।

चर्चा के दौरान डा० सुनील श्रीवास्तव, सभासद ने पूरे नगर में स्ट्रीट लाइट का प्रस्ताव रक्खा, इसके लिये अध्यक्ष द्वारा समुचित कार्यवाई का आश्वासन दिया गया।

7. प्रस्ताव श्री दयाशंकर गुप्त, सभासद मिनी-बोर्ड दिनांक 6-3-89 बावत निम्न कार्य परिषद के स्वीकृतार्थ (1) मो० बगीचा शाहमोहम्मद से जो सड़क मोहल्ला कुरेचापुर को जाती है, पर प्रकाश की व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट के विस्तार हेतु।

इस प्रस्ताव की चर्चा के दौरान सभी सभासदों ने नगर के विभिन्न सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मॉंग की, जहाँ पर स्ट्रीट लाइट नहीं है।

सभासद डा० सुनील श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि शासन से स्ट्रीट लाइट हेतु धन आवंटित होने पर पूरे नगर में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था करायी जाय। अध्यक्ष महो० ने उपरोक्त पर अपनी

सहमति प्रकट की

| | |
|---|---|
| प्रस्ताव डा० कृष्णकुमार श्रीवास्तव, सभासद सिटी बोर्ड जौनपुर दिनांक 17.5.89 बावत निम्न कार्य बैठक में स्वीकृतार्थ | |
| (1) मो० खासनपुर और ख्वाजादोस्त में एक एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण। | रामजी चित्र मंदिर के पास (पुराने शौचालय के स्थान पर) नया शौचालय बनवाया जाना स्वीकार किया गया। |
| (2) मो० बल्लोचटोला पत्थर वाली गली में पत्थर के किनारे पानी निकास हेतु नाली निर्माण का कार्य। | स्वीकार. निर्माण कराया जाय। |
| (3) बल्लोचटोला हरिजन एवं केवट बस्ती में पानी के निकास के लिये नाली निर्माण | स्वीकार. निर्माण कराया जाय। |

चर्चा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने बोर्ड को अवगत कराया कि शासन से दस सुलभ शौचालयों के लिये धन की मांग की गयी है इस कार्य मद में धन प्राप्त होने पर मान्य सभासदों की राय से सुलभ शौचालयों का निर्माण कराया जायेगा। डा० श्री कृष्णकुमार श्री वीरेन्द्र प्रताप यादव, श्री शिवकुमार गुप्त, श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, सभासदों ने अपने अपने क्षेत्रों में सुलभ शौचालय बनवाने की मांग किये।

कृ०पृ० उ०

9.6.89.

प्रस्ताव.

| | |
|---|---|
| 1. स्वास्थ्य निरीक्षक आख्या दि० 25.5.89 बाबत सफाई निर्माण में सफाई कार्य कूड़ा निस्तारण हेतु भैंसा गाड़ी चलाने के लिये भैंसा की आपूर्ति दिनांक 1.6.89 से स्वीकृति पर लेने हेतु परिषद के स्वीकृतार्थ। | स्वीकार। अध्यक्ष को अधिकृत किया गया। |
| | नगर में सफाई की चर्चा के दौरान श्री अनवर रजा, सभासद श्री मुख्तार अहमद, श्री शिव-कुमार गुप्त, श्री श्रीमती जाये डा० कृष्णकुमार आदि सभासदों ने सफाई की व्यवस्था पर चिन्ता व्यक्त की और बोर्ड को अवगत कराया कि बार-बार कहने पर भी सफाई की व्यवस्था पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय ने सफाई को समुचित ढंग से कराने का आश्वासन दिया।<br>डा० सुनील श्रीवास्तव, सभासद ने चर्चा के दौरान अपना यह विचार व्यक्त किया कि जब भी सफाई कर्मचारी लम्बी छुट्टी पर जाय तो उनके स्थान पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी रखकर सफाई कराया जाय।<br>श्री वीरेन्द्र प्रताप यादव, सभासद ने सफाई कर्मचारियों |

के स्थानान्तरण प्रकरण पर
विशेष सभासदों को अवगत
कराने की मांग किये।

श्री विद्यासागर सोनकर,
सभासद, डा० पुनीत श्रीवास्तव,
व श्री अनसरजा, सभासद ने
सफाई विभाग में कर्मचारियों
की छुट्टियों के रखरखाव की
लापरवाही बर्तने की शिकायत
की, और उन्होंने कर्मचारियों को
छुट्टी देने का अधिकार सभासदों
को देने की मांग की। चर्चा
के दौरान यह बताया गया कि
सफाई हवलदारों द्वारा कर्मचारियों
को गैरहाजिर बनाया जाता है,
परन्तु वेतन वितरण समय
में बीच में ही हाजिरी पूर्ण
कर दी जाती है। अध्यक्ष
महोदय द्वारा जाँच का
आश्वासन दिया गया तथा
सभासदों से ऐसे मामलों
की रिपोर्ट देने हेतु अनुरोध
किया।

श्री विद्यासागर सोनकर,
सभासद ने सफाई कर्मचारियों
की सूची, वार्ड-वार दिये जाने
तथा ट्रान्सपोर्ट में कार्यरत
कर्मचारियों के नाम भी
शामिल करने व तीनों
सफाई क्षेत्रों में ट्रान्सपोर्ट
कर्मचारियों के विभाजन की

क्र०पृ० 30

9-6-89.

मांग किया। अध्यक्ष महोदय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही एवं कर्मचारियों की रक्षा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

माननीय सभासद श्री मुख्तार अहमद ने अध्यक्ष महोदय का ध्यान अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी की ओर आकृष्ट किया तथा अवगत कराया कि "आप द्वारा श्री सगीर अहमद सफाई निरीक्षक को ~~आदेश~~ निर्देश देने पर भी सफाई नहीं हुयी, इस पर श्री गणेश नाथ रावत व डा० कृष्ण कुमार ने अनुरोध किया कि सफाई निरीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की जाय तथा अगली बोर्ड की मीटिंग में कृत कार्यवाही से अवगत भी करायें। चर्चा के अन्त में अध्यक्ष महोदय ने नगर में सफाई का आश्वासन दिया तथा कहा कि भैंसा गाड़ी चलने से नगर की सफाई में सुधार होगा, यह भी अवगत कराया गया कि पूर्णकालिक वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य-अधिकारी की नियुक्ति हेतु मुख्य-चिकित्सा धिकारी जौनपुर

ह० पू०अ०

Scanned with OKEN Scanner

9-6-89.

11

से अनुरोध किया गया है। अधिशासी-अधिकारी को भी 23 वार्डों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर तथा अपने स्तर से सुधारने का भी आदेश दिया जा चुका है। इस सम्बन्ध में अधिशासी-अधिकारी महोदय अपनी रिपोर्ट देंगे।

नालागंज को तोड़कर तीनों सफाई निरीक्षकों के क्षेत्रों में बाँट जायेगा। कार्यवाही अधिशासी-अधिकारी करेंगे।

(क)
10. अध्यक्ष, सिटी बोर्ड औरैया की दिनांक 24.5-89 की आख्या कि बोर्ड सुपरसेशन के दौरान यू०पी० म्युनिसिपेलिटीज ऐक्ट की धारा 1916 की धारा 143 की उपधारा (1) के खण्ड (बी) में घोषित बोर्ड की शक्ति, कृत्य एवं दायित्वों को तत्कालीन प्रशासक के आदेश संख्या 1507/ जे०न०-3/ तीन-47-आदेश पुलिस प्रशासक/ 82-83 दिनांक 3.12.84 के अन्तर्गत पालिका के तत्कालीन प्रभारी-अधिकारी को प्रतिनिधानित किया गया था, अतः पालिका के निर्वाचित बोर्ड के कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 9-2-89 से ऐक्ट की

इस प्रस्ताव का विरोध माननीय सभासद श्री अनसरजा, श्री रमजान खां, श्री शोभनाथ आर्य, और डा० कृष्ण कुमार ने किया, परन्तु माननीय सभासद श्री बाबूलालगुप्ता ने आपत्ति करते हुए प्रस्ताव रखवा कि प्रस्तावित अधिकार अध्यक्ष महोदय को दिया जाय जिसका समर्थन माननीय सभासद श्री विद्यासागर सोनकर ने किया। इस पर माननीय सभासद श्री अनसरजा ने प्रस्ताव पर मत विभाजन की मांग की और अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव पर मतदान कराया

क्र०पृ० 30

9-6-89.

अधोक्त धारा की उपधारा (i) के उप खण्डों में घोषित बोर्ड के सभी प्रारूप एवं दायित्वों को प्रभारी-अधिकारी के अभाव में बोर्ड के निर्वाचित अध्यक्ष को प्रतिनिधानित करने की स्वीकृति बोर्ड के विशेष प्रस्ताव के रूप में प्रस्तुत है।

प्रस्ताव के पक्ष में दिये गये 17 (सत्रह) मत कर्ता और विरोध कर्ता उपस्थित पालिका सभासदगण मतदान के समय अपना स्थान छोड़कर सभास्थल से बाहर चले गये। प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले सभासदों की सूची -

(1) श्री नजीर
(2) श्री बाबूराम
(3) श्री मिठाईलाल
(4) श्री दुर्वेलाल
(5) श्री कैलाश नाथ मौर्य
(6) श्रीमती नसरीन अख्तर
(7) श्री मुख्तार अहमद
(8) श्री एम० मेंहदी हसन
(9) श्री बाबूलाल गुप्त
(10) श्री शिवकुमार गुप्त
(11) श्री गणेशनाथ रावत
(12) श्री मो० सलीम
(13) श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह
(14) श्री राम अधार यादव
(15) श्री विद्यासागर सोनकर
(16) श्री डा० सुनील श्रीवास्तव
(17) श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह

अतः प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ।

11. अन्य विषय अध्यक्ष की स्वीकृति से :—

(हस्ताक्षर)
जलकल - अभियन्ता व
प्रभारी - अधि० अधि०
सिटी-बोर्ड जौनपुर

(हस्ताक्षर)
अध्यक्ष,
सिटी-बोर्ड
जौनपुर